जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-48 जयपुर, सोमवार, 22 दिसम्बर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़ ग्राहकों को मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

**जयपुर (हमारा वतन)**




बजाज नगर जयपुर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा परिसर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन 20 नवम्बर से किया जा रहा है। खादी लवर्स खरीददारी के लिए प्रदर्शनी में पहुँच रहे हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 15 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 220 स्टाल लगाई गयी हैं, जिनमें से 132 स्टॉल खादी व 88 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं।

खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।

प्रदर्शनी में सभी ग्राहकों को प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रांतीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

**खादी स्टाल पर-** खादी वस्त्र, ऊनी वस्त्र, पॉलिस्टर वस्त्र,रजाई ,गद्दे ,साड़ी,शर्ट, कुर्ते, पजामे, लेडीज सूट, जेकेट, शाल, कम्बल, टॉवल,दरी, फर्श आदि मिल रहे है।

**खादी ग्रामोद्योग स्टाल पर-** तिलकुटा, नारियल तेल, तिल्ली तेल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, देशी गुड़, हींग, शैम्पू, चमड़े के उत्पाद, सजावटी सामान, ऑर्गेनिक उत्पाद, नमकीन, सूखे मेवे, चूर्ण, आयुर्वेदिक दवाईयां आदि मिल रहे है।

## हेमन्त कुमार दवे जिला जालोर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**जालोर (हमारा वतन)।** राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष अजय चौहान द्वारा महासंघ के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हेमन्त कुमार दवे, पद-अध्यापक, पदस्थापन- राजकीय प्राथमिक विद्यालय आयल मिल जालोर , निवासी -जालोर को जिला उपाध्यक्ष, जालोर के पद पर मनोनीत किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि हेमन्त कुमार दवे, संगठन को जालोर जिले में और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं संगठित रूप देंगे तथा कर्मचारी हितों की रक्षा हेतु अग्रणी भूमिका निभाएंगे। जालोर जिला महामंत्री पारसमल गर्ग ने नई नियुक्ति पर हेमन्त कुमार दवे को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा जताई कि उनका अनुभव एवं समर्पण संगठन के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## गुरुकुलम ग्लोबल एकेडमी में साइंस एंड फूड एग्जिबिशन का हुआ आयोजन




**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड स्थित गुरुकुलम ग्लोबल अकैडमी में साइंस एंड फूड एग्जिबिशन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विज्ञान के अच्छे-अच्छे मॉडल एवं लाजवाब व्यंजन बनाए।

स्कूल डायरेक्टर लोकेश कुमार सैनी ने बताया कि इस तरह की प्रदर्शनी से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होती है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। फूड एग्जिबिशन में प्रथम स्थान प्रेम प्रकाश सैनी एवं विशाल सैनी ने, द्वितीय स्थान हिमांशी सैनी एवं राधिका सैनी ने प्राप्त किया।साइंस एग्जीबिशन में प्रेम प्रकाश सैनी एवं अंकित सैनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिन्होंने वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट मॉडल बनाया। द्वितीय स्थान मीनू सैनी एवं संगीता सैनी कक्षा 8 के विद्यार्थियों को मॉडल ओल्ड विलेज एंड सिटी के लिए दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच कल्याण सहाय सैनी, श्याम लाल सैनी, सुरेश कुमार सैनी सहित कई अतिथिगण उपस्थित रहे।

## जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल का रक्तदान शिविर 27 दिसंबर को

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के जयपुर रोड गणेश विहार द्वितीय स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल एवं मीशा हॉस्टल एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में 27 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।




कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर आरके सैनी ने बताया कि 27 दिसंबर 2025 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा परामर्श दिया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक बंटी, दिनेश, जितेंद्र और गजानंद सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर युवा रक्तदाताओं से संपर्क किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक रक्तदान हो सके।



## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों का अभिनंदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में बुधवार को एक विशेष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने शिरकत कर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

एडवोकेट अमित शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चरण सिंह जाट, महासचिव मुकेश अग्रवाल एवं सांस्कृतिक सचिव प्रियंका यादव का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पंडित रविंद्र आचार्य ने सभी पदाधिकारियों को श्याम दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की।

इस अवसर पर पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करना और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करना ही संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में एडवोकेट हेमराज यादव, एडवोकेट विजय भात्रा, एडवोकेट कालूराम अग्रवाल, मुकेश शर्मा, पायल शर्मा, पूजा शर्मा सहित कई अधिवक्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India



खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रदर्शनी 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ

प्रवेश निःशुल्क

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

50% की छूट प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर

पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

# हनुमान जी के पास जलाएं इन अलग-अलग तेल का दीया, दूर होंगे हर तरह के संकट

हनुमान जी संकटमोचन और बजरंगबली हैं। इनकी पूजा से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या शत्रु संबंधी हर प्रकार के संकट दूर होते हैं। हनुमान जी की पूजा में अलग-अलग तेलों का दीपक जलाने से विशेष फल मिलता है। शास्त्रों और ज्योतिष के अनुसार चमेली का तेल, सरसों का तेल, तिल का तेल और शुद्ध घी का दीपक हनुमान जी को बहुत प्रिय है। विशेष तौर पर मंगलवार या शनिवार को इन तेलों का दीपक जलाने से संकट शीघ्र दूर होते हैं। आइए जानते हैं इन दीपकों के लाभ और सही तरीका।




**चमेली के तेल का दीपक**- चमेली का तेल हनुमान जी का सबसे प्रिय तेल माना जाता है। इस तेल का दीपक जलाने से शत्रु बाधा, बुरी नजर और काले जादू का प्रभाव पूरी तरह नष्ट हो जाता है।

हनुमान जी को चमेली के तेल का दीपक जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार सुरक्षित रहता है। अगर किसी की नजर लग गई हो या शत्रु परेशान कर रहे हों, तो मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में या घर में चमेली के तेल का दीपक जलाएं।

दीपक जलाते समय हं हनुमते नमः मंत्र का जाप करें। यह दीपक संकटमोचन हनुमान जी को शीघ्र प्रसन्न करता है और हर खतरे से रक्षा करता है।

**सरसों के तेल का दीपक**- सरसों का तेल मंगल ग्रह से जुड़ा है और हनुमान जी मंगल के अधिदेवता हैं। सरसों के तेल का दीपक जलाने से कुंडली में मंगल दोष शांत होता है। क्रोध, झगड़ा, मुकदमा या दुर्घटना का भय दूर होता है।

अगर जीवन में बार-बार रुकावटें आ रही हों या गुस्सा ज्यादा आता हो, तो शनिवार को सरसों के तेल का दीपक जलाएं। दीपक में एक लौंग डालकर जलाएं, तो प्रभाव और बढ़ जाता है। व्यापार या नौकरी में बाधा आने पर यह दीपक विशेष लाभ देता है।

**तिल के तेल का दीपक**- तिल का तेल शनि और मंगल दोनों से संबंधित है। हनुमान जी के सामने तिल के तेल का दीपक जलाने से आर्थिक संकट, कर्ज और गरीबी दूर होती है। शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या में यह दीपक बहुत फलदायी है। मंगलवार या शनिवार को तिल के तेल का दीपक जलाकर हनुमान चालीसा पढ़ें, तो धन प्राप्ति के योग बनते हैं। यह दीपक घर की नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और सुख-समृद्धि लाता है।

**शुद्ध घी का दीपक**- शुद्ध घी का दीपक सभी देवताओं को प्रिय है, लेकिन हनुमान जी के लिए यह विशेष शुभ है। घी का दीपक जलाने से संतान सुख, विवाह, नौकरी या स्वास्थ्य संबंधी हर प्रकार की मनोकामना पूरी होती है।

यह दीपक हनुमान जी की कृपा को बढ़ाता है और घर में शांति लाता है। मंगलवार को घी का दीपक जलाकर बजरंग बाण पढ़ें, तो हर संकट दूर हो जाता है। घी का दीपक शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक है। नियमित जलाने से हनुमान जी सदैव रक्षा करते हैं। ये सभी दीपक मंगलवार या शनिवार को जरूर जलाएं। दीपक लाल कपड़े पर रखें और दाहिने हाथ से जलाएं। पाठ के बाद दीपक को बुझाएं नहीं, खुद बुझने दें। इन दीपकों से हनुमान जी की कृपा अवश्य मिलेगी और हर संकट दूर होगा।

# मोती धारण करने से पहले ध्यान में रखें ये बातें, भूलकर भी ना करें ये गलती

रत्न शास्त्र की दुनिया में कई ऐसे चमत्कारी रत्न हैं, जिनकी मदद से जिंदगी को आसान बनाया जा सकता है। कुंडली में ग्रहों की स्थिति का आंकलन करके सही रत्न का चुनाव किया जा सकता है। हर ग्रह के हिसाब से कई रत्न होते हैं जोकि जिंदगी में आने वाली बाधा को कम करते हैं। सही तरीके से पहने गए रत्नों का प्रभाव ज्यादा होता है। बात की जाए मोती की तो इसे पहनने से पहले कई चीजों का ध्यान रखना चाहिए।



**मोती पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान**

1. मान्यता के हिसाब से मोती हमेशा उसी हाथ की कनिष्ठा उंगली में पहनना चाहिए, जिससे ज्यादा काम किया जाता है। साथ ही इसे पंडित की सलाह पर ही पहनना चाहिए। इसे लेकर यही सलाह दी जाती है कि मोती की अंगूठी को कभी भी सोने में नहीं बल्कि चांदी में ही बनवाना चाहिए।

2. इस बात का ध्यान हमेशा रखना चाहिए कि इसे कभी गोमेद और नीलम के साथ नहीं धारण करना चाहिए। दरसअल इन्हें साथ पहनने से कई नुकसान होते हैं और मानसिक तनाव बहुत होता है।

3. मोती की अंगूठी को धारण करने से पहले दूध और गंगाजल से शुद्ध करना चाहिए। इस दौरान सोमाय नमः या चंद्र मंत्र का 108 बार जाप करना चाहिए। ध्यान रखें कि मंत्र का जाप करते वक्त किसी भी तरह की कोई बाधा ना हो।

4. मोती को हमेशा कुंडली दिखाकर ही धारण करें। पंडित की बिना सलाह के मोती को धारण करने से नुकसान होने के चांस ज्यादा होते हैं। अपनी राशि के अनुसार ही अगर कोई रत्न धारण किया जाएगा तो ये लाभ देते हैं और ठीक यही मोती पर भी लागू होता है। रत्न शास्त्र के अनुसार मोती को कर्क, मेष, वृश्चिक और मीन राशि के लोग धारण कर सकते हैं। वहीं मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ, मेष, सिंह और धनु को एक बार कुंडली दिखाकर ही इस रत्न का धारण करना चाहिए। दरअसल इस राशि के जातकों पर मोती गलत प्रभाव डाल सकता है।

5. मोती पहनने के बाद अगर मन शांत ना लगे और आप अंदर से काफी इमोशनल महसूस करने लगे तो इसे तुरंत उतार देना ही बेहतर होगा। कई बार रत्न बहुत ज्यादा प्रभाव छोड़ते हैं।

## यादों की कोठरी

करीने से सजा कर रखे हैं मैने
बीते वक्त से कुछ पल
यादों की  कोठरी में
खोलता हूँ कभी कभी
अकेले में
और निहारता हूँ एक एक पल को
बहुत देर तक
बिताये थे जो पल
बरसात के बाद
मिट्टी के खिलौनों
और कागज की नाव के साथ
कभी कभी रात का आसमां
जैसे बतासों से भरा एक कटोरा
सोचता था मैं कभी तो कहीं तो
गिरते होंगे ये
और वो बनिया चुन कर इन्हें
बेच देता है हमें
गणगौर का मेला
स्कूल का थैला
कभी भीड़ में अकेला
कभी साथियों का मेला
और दुनिया समझने के लिए
हाथों से छूटता
माँ का आंचल
सब कैद है
इस कोठरी में
मन की कोठरी में।



विनोद शर्मा वेणु, नेछ्वा,सीकर

# ठंडे और खुश्क मौसम में बढ़ने लगी है त्वचा की खुजली तो जानिए इसका समाधान

जहां स्त्रकमण का बढ़ता खतरा खांसी जुकाम का कारण सातिब होता है, तो वहीं गर्म कपड़े और जुराबें पहनने से खुजली की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे लोग जिनकी त्वचा संवेदनशील है, उनकी त्वचा पर रैशेज और रेडनेस बनी रहती है। अगर आप भी सर्दी के मौसम में बढ़ी खुजली से परेशान हैं, तो इन उपायों की लें मदद ।इस बारे में स्किन एक्सपर्ट डॉ नवराज विर्क बताते हैं कि जहां गर्मियों में पसीना जमा होने से बैक्टीरियल इंफेक्शन खुजली का कारण बनता है, तो वहीं सर्दी में ड्राई स्किन खुजली का कारण साबित होती है। दरअसल, सर्दी के दिनों में गर्म पानी से नहाने के चलते स्किन की नमी खोने लगती है, जिससे रूखापन बढ़ता है और खुजली का कारण साबित होता है। इसके अलावा इनवायरमेंटल फैक्टर्स, लाइफस्टाइल फैक्टर्स, एटोपिक डर्माटाइटिस, सेबोरेहाइक डर्मेटाइटिस, एग्ज़िमा और सोरायसिस इस समस्या के कारण साबित होते हैं। **स्किन इचिंग किसे कहा जाता है**-नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार खुजली उस इरिटेटिंग सेंसशन को कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति त्वचा को देर तक खरोंचता है। इससे त्वचा पर दर्द, जलन और चुभन महसूस होती है। इसमें अचानक से शरीर के किसी अंग पर खुजली महसूस होने लगती है और फिर धीरे धीरे वो खुजली बढ़ने लगती है। इसके चलते रैशेज, दाने और घमोरियों की समस्या बढ़ने लगती है।

**बहुत ज्यादा गर्म पानी से न नहाएं**-गर्म पानी से नहाने से स्किन की तीनों लेयर्स में रूखापन बढ़ने लगता है।जिससे नेचुरल ऑयल कम हो जाता है। इससे सिकन इचिंग की समस्या बढ़ने लगती है।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25487, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025
2. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, एएसआई क्लर्क, एएसआई अकाउंट्स, पद संख्या 537, अंतिम तिथि 19 जनवरी 2026
3. डीएसएसएसबी, पद एमटीएस, पद संख्या 714, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026
4. डीआरडीओ सेप्टम 11, पद सीनियर टेक्नीशियन असिस्टेंट बी/टेक्नीशियन ए, पद संख्या 764, अंतिम तिथि 1 जनवरी 2026
5. संघ लोक सेवा आयोग, पद सीडीएस फर्स्ट, पद संख्या 451, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025
6. संघ लोक सेवा आयोग, पद एनडीए एनए फर्स्ट, पद संख्या 394, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2025
7. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद मिनिस्टीरियल एंड आइसोलेटेड कैटिगरी, पद संख्या 311, अंतिम तिथि 29 जनवरी 2026
8. यूपीएसएससी, पद लेखपाल, पद संख्या 7994, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2026

# ग्लोबल ग्रीन अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी



**मथुरा (हमारा वतन)**

विगत 35 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन, वृहद पौधारोपण तथा अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते के बजाय पौधे उपहार में देने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को कोलंबिया पैसिफिक वर्चुअल विश्व विद्यालय मथुरा के कुलपति डॉ.रश्मि शर्मा ने बृज कला केंद्र मथुरा सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि डॉ. सोनी वर्तमान में राइका मरोड़ा टिहरी गढ़वाल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, पौधे उपहार में भेंट करने के लिए जन-जन को जागरूक किया जाता है। वृक्षमित्र डॉ. सोनी कहते हैं कि यह जीवन प्रकृति की देन है। हम सभी को मिलजुल कर धरती पुत्र और पुत्री बनकर प्रकृति की सेवा कर प्राकृतिक वनस्पति को संजोकर अपने आने वाली पीढ़ी के लिए रखना होगा, तभी ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निजाज मिल पाएगा। सीपीवी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि वृक्षमित्र डॉ. सोनी व उनकी पत्नी किरन सोनी का पहनावे ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। आज उन्होंने उत्तराखंड की भूमि से आकर श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में भी जन-जन को अपने वस्त्रों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर लोगो को जागरूक किया। जसपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के जन-जन को जागरूक करने एवं अतिथियों को पौधा भेंट करना तथा दुल्हा-दुल्हन को शगुन में पौधा देकर डॉ. सोनी ने पर्यावरण की एक नई अलख जगाई है।

डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी व किरन सोनी ने समारोह के अतिथियों को बद्रीनाथ की तुलसी के पौधे उपहार में भेंट किये। कार्यक्रम में डॉ. प्रगना वेदांत, डॉ. रेणुका बादना, जितेंद्र कुमार, बेंजीलाल साह, प्रियादत्त आदि मौजूद रहे ।



# आनंद एक एहसास संगीत संध्या के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर की सामाजिक और सांस्कृतिक समिति जयपुर कल्चर सोसायटी द्वारा लगातार प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 15 मार्च 2026 को आनंद एक एहसास-सीजन 8 संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन होटल मिस्टिक फॉल्स में वरिष्ठ अभिनेत्री और कथक नृत्य गुरु उषा श्री ने अपने कर कमलों से किया और संगीत संध्या की सफलता की अग्रिम शुभकामनाएँ दी।

जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक कंचन आनंद ने बताया कि समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर आनंद के गंगवार की स्मृति में यह संगीत संध्या आयोजित की जा रही है। यह संगीत संध्या पवन डांगी और उनकी टीम द्वारा लाइव बैंड पर आयोजित होगी। कार्यक्रम जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। संगीत प्रेमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। इस दौरान केके पारीक,दिनेश पारीक, दामोदर तोषनीवाल, योगी राजोरा ,डॉ. तनुज मिगलानी, आरके सोनी, अजीत चंद्रवंशी, राजदीप सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत की माँ का निधन

**जयपुर (हमारा वतन)।** गोवंश की रक्षा के लिए संकल्पित और हमेशा तत्पर रहने वाले चौमूं तहसील के गोविन्दगढ़ निवासी गौरक्षक दल के अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत की माताजी शारदा देवी का 60 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया है।



जानकारी के अनुसार शनिवार को तबीयत खराब होने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन इलाज के दौरान 15 दिसंबर को शाम 4:30 बजे अंतिम सांस ली। जैसे ही लोगों को मृत्यु की सूचना मिली तो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई हस्तियों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिवार को दुःख सहने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# चौधरी ढाबा के रूफटॉप का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम जैतपुरा, नेशनल हाईवे 52 पर स्थित प्रसिद्ध चौधरी ढाबा ने अपनी सेवाओं में विस्तार किया है। जी हाँ ! चौधरी ढाबा और होटल बंशीवाला के रूफटॉप का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया ।



डायरेक्टर बंशीधर मंगावा और नरेंद्र चौधरी ने बताया कि 40 वर्षों से हमारी सेवाएं निरंतर चालू है । ग्राहकों की अत्यधिक मांग पर हमारे यहां रूफटॉप का शुभारंभ किया गया है । इसमें व्यंजन का वही लजीज स्वाद मिलेगा। सभी प्रकार के फास्ट फूड भी ग्राहकों को मिलेंगे । साथ ही मीटिंग हॉल और रूम की सुविधा भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी । अब सभी ग्राहक रूफटॉप का आनंद लेते हुए फास्ट फूड और भोजन का आनंद ले सकेंगे । शुभारंभ पर आने वाले सभी ग्राहकों को बंपर डिस्काउंट भी दिया गया । शुभारम्भ के दौरान प्रशासक डॉ. सुरेश गुलिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष चरण सिंह चौधरी, अमित भारती, मंजू चौधरी, डॉ. किरण बाज्या, कैलाश चौधरी, जीतू भटनागर, सुरेश यादव , नेहा यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव से हाईकोर्ट का इनकार

जयपुर( नि.सं. )। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव बैन मामले में आज हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। जस्टिस समीर जैन ने कहा- छात्रसंघ चुनाव एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन यह शिक्षा के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकता। फैसले के बाद याचिकाकर्ता ने कहा कि - हम हाईकोर्ट के फैसले से खुश हैं क्योंकि कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव कराए जाने पर कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है। दरअसल, कोर्ट ने 14 नवंबर को फैसला रिजर्व कर लिया था। सरकार ने कहा था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के कारण प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराना फिलहाल संभव नहीं है। वहीं, लिंगदोह कमेटी की सिफारिश में भी सत्र शुरू होने के 8 सप्ताह में चुनाव करवाए जाने चाहिए। लेकिन वह समय भी निकल गया है।




टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

### प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है।



राम गोपाल सैनी

# सामोद वीर हनुमान जी मंदिर के कायाकल्प हेतु 9.15 करोड़ रुपये स्वीकृत

जयपुर (हमारा वतन)

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सामोद स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वीर हनुमान जी (खोल) के दर्शनार्थियों की सुविधा और मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 15 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। जेडीए द्वारा मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से 2.52 करोड़ रुपये की लागत से रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी, सुरक्षा हेतु नई बाउंड्री वॉल का निर्माण और पुरानी दीवारों को ऊँचा करने का कार्य लगभग 1.87 करोड़ रुपये से किया जाएगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु 96.58 लाख की लागत से सीसी रोड और 1.68 करोड़ की लागत से आधुनिक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य 1.28 करोड़ रुपये और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दो नए टॉयलेट ब्लॉक्स 46.81 लाख रुपये का निर्माण भी शामिल है।



पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान सरकार धार्मिक पर्यटन और आस्था के केंद्रों के संरक्षण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सामोद मंदिर के लिए स्वीकृत यह बजट न केवल यहाँ की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इससे स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

# द्वितीय तुलसी शोभायात्रा को लेकर खुशबू गार्डन में हुआ मीटिंग का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** पिछले वर्ष की तरह इस बार भी चौमूं शहर में सर्व समाज जाग्रति संघ और ब्रजवासी गौरक्षक सेवा के बैनर तले 25 दिसंबर को तुलसी दिवस पर विशाल तुलसी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा को लेकर मोरीजा रोड स्थित खुशबू गार्डन में मीटिंग का आयोजन किया गया।

सर्व समाज जाग्रति संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने शोभायात्रा की तैयारियों का जायज लिया। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को लोग क्रिसमस डे मनाते हैं जो कि पाश्चात्य संस्कृति का प्रतीक है। हमारे देश में 25 दिसंबर को सभी देशवासी तुलसी दिवस मनाएं इसी को लेकर पूरे साल भर हर महीने की 25 तारीख को तुलसी की शोभायात्रा निकालते हैं। साथ ही गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार से इसकी मांग कर रहे हैं। 25 दिसंबर को प्रातः 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड, श्याम नगर स्थित श्याम मंदिर से तुलसी शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा शाही लवाजमें के साथ निकाली जाएगी।



सभी महिलाएं अपने सिर पर तुलसी के गमले लेकर चलेगी। साथ ही पुरुष भी गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के बैनर लेकर चलेंगे। शोभायात्रा में कई संत महात्मा मौजूद रहेंगे। शोभायात्रा सुभाष सर्किल, धोली मंडी, थाना मोड होते हुए राजविलास गार्डन पहुंचेगी। शोभायात्रा में शामिल सभी धर्मावलंबियों को निःशुल्क भोजन प्रसादी के बाद विसर्जन होगा।

इस दौरान कालूराम सैनी, सीताराम सैनी, सुंदर सैनी, बाबूलाल, अशोक शर्मा, बसंत लालानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साईं मंदिर में हुआ जागृति हॉस्पिटल के 19वें रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोरीजा रोड, चार दुकान स्थित जागृति हॉस्पिटल में 19वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और फिजियो चिकित्सा केयर शिविर का आयोजन सुबह 9:15 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है।




रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन ईटावा भोपजी स्थित साईं मंदिर के महंत पृथ्वी सिंह नाथावत ने किया।

आयोजक बाबूलाल पुजारी और जागृति हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर हरिवल्लभ सैनी ने बताया कि यह हमारा लगातार 19वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर है। नए साल के अवसर पर युवा रक्तदान कर नए साल का जश्न मनाते हैं।




# विधानसभा घेराव के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** माली, सैनी, कुशवाह, मौर्य, सुमन एवं भोई समाज आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के तत्वावधान में 25 फरवरी 2026 को होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर पोस्टर विमोचन एवं कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन पत्रकार कॉलोनी स्थित राज आंगन रिसोर्ट में किया गया।



संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सीपी सैनी ने मीटिंग की अध्यक्षता की। इस दौरान विधानसभा घेराव के सफल आयोजन के लिए टीम का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कोटपुतली निवासी रमेश सैनी को टीम का अध्यक्ष नियुक्त किया । रामेश्वर सैनी महुआ, हजारी लाल सैनी लवाण को उपाध्यक्ष, विनोद भूदोली को महामंत्री, सुरेंद्र सैनी, दयाराम सैनी को सचिव, वेद प्रकाश सैनी भुसावर को विधि सलाहकार, विनोद सैनी बस्सी को संगठन मंत्री, साधुराम सैनी शाहपुरा, रामकिशन सैनी बानसूर को कोषाध्यक्ष एवं मोनू सैनी टोंक को लेखाधिकारी पद नियुक्त किया है। मीटिंग में घेराव को लेकर विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।